कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के द्वारा अक्टूबर, 2022 माह में किये गए महत्वपूर्ण / उल्लेखनीय कार्य

I. स्थापना प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित बनाना:

i. दिनांक 03.10.2022 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 18/03/2015-स्था.(वेतन-I) के माध्यम से सरकारी कर्मचारियों को किए गए गलत/अधिक भुगतान की वसूली के संबंध में अनुदेश/दिशा-निर्देश जारी किए गए।

ii. दिनांक 28.10.2022 के का.ज्ञा. सं. 11012/11/2018-स्था.क-III के माध्यम से प्रथम शास्ति की अवधि के दौरान लगाई गई दूसरी शास्ति के कार्यान्वयन के संबंध में अनुदेश/दिशा-निर्देश जारी किए गए।

iii. दिनांक 19.10.2022 की राजपत्रित अधिसूचना के माध्यम से केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) संशोधन नियमावली, 2022 को अधिसूचित करवाया गया।

iv. दिनांक 11.10.2022 के का.ज्ञा. सं. 31011/15/2022-स्था.क-IV के माध्यम से केंद्रीय सिविल सेवा (एलटीसी) नियमावली, 1988 के तहत 25.09.2022 से आगे पूर्वोत्तर क्षेत्र, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख तथा अंडमान और निकोबार की यात्रा करने हेतु हवाई यात्रा में छूट देने संबंधी अनुदेश जारी किए गए।

II. चयन और नियुक्तियां

i. माननीय प्रधानमंत्री ने 22 अक्तूबर, 2022 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भर्ती अभियान **'रोजगार मेला'** की शुरूआत की, जिसमें पहले चरण के दौरान 75226 उम्मीदवारों को नियुक्ति आदेश जारी किए गए। सचिव, डीओपीटी ने माननीय प्रधानमंत्री और राज्यमंत्री (कार्मिक) का स्वागत किया और माननीय राज्य मंत्री द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। माननीय प्रधानमंत्री ने वर्चुअल रूप से नव नियुक्तों को संबोधित किया। इस कार्यक्रम का प्रबंधन और समन्वय डीओपीटी द्वारा किया गया था। इस अवसर पर कार्यक्रम के बारे में एक लघु फिल्म भी दिखाई गई।

ii. यह कार्यक्रम देश भर में 50 स्थानों पर एक साथ आयोजित किया गया था जहां गणमान्य व्यक्तियों ने कुछ नव नियुक्तों को नियुक्ति आदेश सौंपे। मंत्रालयों और विभागों ने सूचित किया है कि इन स्थानों पर 8214 उम्मीदवारों ने नियुक्ति आदेश प्राप्त किए हैं और इन स्थानों पर 11860 अतिरिक्त उम्मीदवार उपस्थित थे इस प्रकार कुल 20,074 नव नियुक्त उम्मीदवारों ने इसमें भागीदारी की। शेष उम्मीदवारों को कार्यक्रम के बाद संबंधित मंत्रालयों/विभागों/संगठनों द्वारा नियुक्ति आदेश ई-मेल/डाक से भेजे गए। नियुक्ति आदेश जारी करने के अगले चरण की तैयारी जारी है।

iii. उपर्युक्त कार्यक्रम के भाग के रूप में, डीओपीटी द्वारा दिल्ली में सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंधन संस्थान, पुराना जेएनयू कैंपस, नई दिल्ली में रोजगार मेले का आयोजन किया गया था जिसमें माननीय राज्यमंत्री (कार्मिक) डॉ जितेंद्र सिंह, माननीय विदेश राज्य मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी, सचिव (कार्मिक) और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर 21

मंत्रालयों/विभागों/संगठनों से संबंधित 600 नवनियुक्त अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

iv. केंद्रीय सचिवालय सेवा के 12 निदेशकों को संयुक्त सचिव (स्वस्थाने) के रूप में नियुक्त किया गया है।

v. संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा - 2022 और 2023 (प्रत्येक में 982) के माध्यम से सीएसएस में सहायक अनुभाग अधिकारी के पद को भरने के लिए कर्मचारी चयन आयोग को 1964 रिक्तियों की सूचना दी गई है।

vi. अनुभाग अधिकारी सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा 2018 के प्रारूप नियमों को अंतिम रूप दिया गया।

vii. पीईएसबी, डीओपीटी ने निदेशकों के 07 (सात) पदों और सीएमडी के 03 (तीन) पदों के लिए विज्ञापन जारी किए। सीएमडी के पद के लिए 01 (एक) चयन बैठक और निदेशक पद के लिए 09 (नौ) चयन बैठकें आयोजित की गई।

viii. मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने विभिन्न अनुसूची क और ख केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) में 14 मामलों (14 कार्यात्मक निदेशकों) में नियुक्तियों को मंजूरी दी। इसके अलावा, विभिन्न अधिकरणों/सांविधिक निकायों/प्राधिकरणों/आयोगों में अध्यक्ष/सदस्य की तीन (03) नियुक्तियां, स्वायत्त निकायों/संस्थानों में मुख्य कार्यकारी की दो (02) नियुक्तियां, निजी सचिव की नियुक्ति के तीन (03) प्रस्ताव, गैर-सीएसएस पदों पर दो (02) नियुक्ति के प्रस्तावों, विस्तार के पांच (05) प्रस्तावों और समयपूर्व प्रत्यावर्तन के दो (02) प्रस्तावों को मंत्रिमण्डल सचिव/एसीसी द्वारा अनुमोदित किया गया। इसके अलावा, दस (10) सीवीओ की नियुक्ति और एक (01) सीवीओ के समयपूर्व प्रत्यावर्तन के प्रस्तावों को कैबिनेट सचिव/एसीसी द्वारा अनुमोदित किया गया था।

ix. माह के दौरान कर्मचारी चयन आयोग द्वारा निम्नलिखित परिणाम घोषित किए गए:

क) बहु कार्य (गैर तकनीकी) कर्मचारी परीक्षा, 2020 का अंतिम परिणाम।

ख) संयुक्त स्नातक स्तर परीक्षा (टियर- II) परीक्षा, 2021।

ग) आशुलिपिक ग्रेड 'ग' और 'घ' परीक्षा, 2020 का अंतिम परिणाम।

घ) संयुक्त उच्चतर माध्यमिक (10+2) स्तर परीक्षा, 2020 का कौशल परीक्षण।

ड.) संयुक्त स्नातक स्तर परीक्षा, 2020 का अंतिम परिणाम।

III. प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण

i. 2022 बैच के आईएएस अधिकारी जिनकी विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में सहायक सचिवों के रूप में तैनाती की गई थी, की प्रतिनियुक्ति 7 अक्तूबर, 2022 को समाप्त हो गई। माननीय प्रधानमंत्री ने दिनांक 06 अक्तूबर, 2022 को सुषमा स्वराज भवन, नई दिल्ली में आयोजित समापन सत्र में युवा अधिकारियों को संबोधित किया।

ii. अक्टूबर 2022 के दौरान सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंधन संस्थान (आईएसटीएम) द्वारा 14 संगठन विशिष्ट कार्यक्रम, 08 कैलेंडर प्रशिक्षण कार्यक्रम, 04 सीएसएस संवर्ग प्रशिक्षण कार्यक्रम,

04 सीएसएसएस संवर्ग प्रशिक्षण कार्यक्रम और 02 दक्षता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कुल 832 उम्मीदवारों ने इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया।

iii. माह के दौरान मिशन कर्मयोगी के विभिन्न स्तरों के तहत हुई प्रगति इस प्रकार है:

क) स्पेशल पर्पज व्हीकल (एसपीवी), कर्मयोगी भारत की प्रापण और वित्तीय नियमावली को बोर्ड की पिछली बैठक में अनुमोदन प्रदान किया गया जो 16.10.2022 को हुई थी।

ख) आईगॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर 14 प्रमुख कार्यात्मकताओं को लागू किया गया है।

ग) मंत्रालयों/विभागों/संगठनों, प्रशिक्षण संस्थानों और सामग्री प्रदाताओं के लिए आउटरीच कार्यशाला आयोजित की गई।

घ) आईगॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर लाइव 286 पाठ्यक्रमों में से कुल 165 पाठ्यक्रमों की समीक्षा की गई है और पाठ्यक्रमों को अद्यतन करने के लिए संबंधित सामग्री प्रदाताओं के साथ पाठ्यक्रम-वार के साथ-साथ सामग्री प्रदाता विशिष्ट प्रतिक्रिया साझा की गई थी।

ड.) कर्मयोगी भारत के नाम से जीएसटी रजिस्ट्रेशन किया गया।

iv. दिनांक 30.10.2022 तक की स्थिति के अनुसार कुल 117 मंत्रालयों/विभागों/संगठनों को आईगॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर लाइव 286 पाठ्यक्रमों के लिए जोड़ा गया था। इससे प्लेटफॉर्म पर प्रयोक्ताओं की कुल संख्या 149091 हो गई है।

v. क्षमता विकास आयोग (सीबीसी) ने निम्नलिखित गतिविधियों का संचालन किया है:

क) सीबीसी ने 21 अक्टूबर 2022 को नागरिक उड्डयन मंत्रालय के लिए नेतृत्व पर एक शैक्षणिक सत्र का आयोजन किया और श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, नागरिक उड्डयन मंत्री और राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह के नेतृत्व में नागरिक उड्डयन मंत्रालय के चिंतन शिविर में वार्षिक क्षमता विकास योजना प्रस्तुत की।

ख) क्षमता विकास आयोग की टीम ने 21-22 अक्टूबर, 2022 के दौरान जम्मू के उधमपुर और कठुआ जिलों में चल रहे प्रशिक्षणों का दौरा किया।

ग) माननीय राज्य मंत्री श्री राजीव चन्द्रशेखर ने क्षमता विकास आयोग द्वारा 'उभरती प्रौद्योगिकियों' पर बनाए गए भौतिक पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया। यह पाठ्यक्रम सीबीसी द्वारा भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) और वाधवानी प्रौद्योगिकी और नीति संस्थान के साथ साझेदारी में विकसित किया गया है और सिविल सेवकों के लिए प्रमुख उभरती प्रौद्योगिकियों पर एक परिचय के रूप में तैयार किया गया है, जिसमें पाठ्यक्रम का ऑनलाइन भाग आईगॉट पर पहले से ही उपलब्ध है जिसके साथ आईआईपीए में 2 दिन का ऑफलाइन कार्यक्रम भी होता है।

घ) लबासना में 26 से 31 अक्टूबर, 2022 तक सीबीसी द्वारा मिशन कर्मयोगी के तहत वर्ष 2002 बैच के अधिकारियों के लिए सामान्य मध्य-कॅरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

IV. विशेष अभियान

क) अक्टूबर 2022 में विशेष अभियान 2.0 के दौरान, 4414 के बैकलॉग सहित 6582 लोक शिकायतों में से 4117 लोक शिकायतों का निवारण किया गया। रिकॉर्ड प्रबंधन के भाग के रूप में, 66266 फाइलों की समीक्षा की गई और 54587 फाइलों की छंटाई की गई और 03 अंतर-मंत्रालयी कैबिनेट संदर्भों का निपटान किया गया।

ख) 31.10.2022 को नॉर्थ ब्लॉक और सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंधन संस्थान, नई दिल्ली में डीओपीटी के अधिकारियों द्वारा स्वच्छता पर एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया।

V. सतर्कता मामले

क) सचिव पैनलीकरण के लिए 01 आईएएस अधिकारी की सतर्कता मंजूरी जारी की गई।

ख) अपर सचिव पैनलीकरण के लिए 07 आईएएस अधिकारियों की सतर्कता मंजूरी जारी की गई।

ग) विभिन्न उद्देश्य यथा अंतर-संवर्ग प्रतिनियुक्ति, स्थानांतरण, परिवीक्षा आदि के लिए 14 आईएएस अधिकारियों की सतर्कता मंजूरी जारी की गई।

VI. साइबर जागरुकता

दिनांक 06.10.2022 को साइबर जागरुकता दिवस मनाया गया और इस विभाग के कर्मचारियों के लिए एनआईसी द्वारा "डेटा सुरक्षा और सुरक्षित प्रणाली" पर एक वेबिनार आयोजित किया गया है।

VII. कल्याण मामले

क) दिनांक 12.10.2022 से 21.10.2022 तक जीकेके, राजा बाजार में अंतर-मंत्रालयी शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 140 पुरुषों और 15 महिलाओं सहित कुल 24 मंत्रालयों ने भाग लिया।

ख) दिनांक 17 से 20 अक्तूबर, 2022 तक सीएसओआई विनय मार्ग पर अंतर-मंत्रालयी संगीत और नृत्य का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 20 विभिन्न मंत्रालयों से 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

ग) दिनांक 06 से 28 अक्तूबर, 2022 तक विनय मार्ग पर अंतर-मंत्रालयी फुटबॉल का आयोजन किया गया । इस आयोजन में विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की कुल 19 टीमों ने भाग लिया।